**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर किसान मेला का आयोजन 6 से 9 अक्टूबर 2023 तक

पंतनगर। 08 अगस्त 2023। विश्वविद्यालय में किसान मेला सलाहकार समिति की बैठक कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 114वां अखिल भारतीय किसान मेला 6 से 9 अक्टूबर 2023 को विश्वविद्यालय में आयोजित किया जायेगा। समिति के सदस्य सचिव एवं निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जे.पी. जायसवाल द्वारा बैठक का संचालन किया गया। बैठक में किसान मेला के सलाहाकार समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में किसान मेले से संबंधित कई बिन्दुओं जैसे किसान मेले में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु समितियों का निर्धारण, मेले में किसान गोष्ठी के दौरान दिये जाने वाले वैज्ञानिकों के व्याख्यान, विभिन्न शोध केन्द्रों पर किसानों का भ्रमण, प्रगतिशील कृषकों को सम्मान, स्टाल धारकों को पुरस्कार वितरण, मेले के सफल आयोजन हेतु प्रस्तावित बजट इत्यादि पर चर्चा की गयी। कुलपति द्वारा इस बात पर बल दिया गया कि किसानों को उत्तम बीजों के विक्रय के दौरान उनको कठिनाई न हो और किसान मेले में आने वाले कृषकों को उनको रूकने की समुचित व्यवस्था हो। कुलपति द्वारा मेले में प्रगतिशील कृषक को आमंत्रित करने के लिए कहा गया ताकि उनके अनुभवों का लाभ मेले में आने वाले कृषकों को प्राप्त हो सके। बैठक में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशकगण, संयुक्त निदेशक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव दिये।



*किसान मेला सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*